

# ग्रहण की दुविधा में फीका रहा होली का जश्न

## कुछ ने सोमवार को तो कही -कहीं मंगलवार को जली होली

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 3 मार्च.चन्द्रग्रहण की वजह से होली दहन को लेकर समूचे जिले में उहापोह की स्थिति रही. कुछ ने सोमवार की रात एक बजे के बाद होली दहन किया तो कई जगहों पर मंगलवार की रात जलाई गई.**

पूर्णमासी के अवसर पर खग राशि चन्द्रग्रहण की जानकारी सार्वजनिक होने के बाद होली दहन के महूत को लेकर लोगों में तरह तरह की भ्रांतिया देखने में आई. शहर के कुछ स्थानों में रात एक बजे के बाद होली दहन की जानकारी सामने आई इसके बाद मंगलवार को भी जिले व शहर के कुछ हिस्सों में होली जलाए जाने की सूचना प्राप्त हुई. कमोवेश यही स्थिति रंग खेलने को लेकर रही. सुबह से ग्रहण का सूदक लग जाने के कारण सनातनी परम्परा के अनुसार रंग खेलना अनुचित माना जाता है इसके तहत कई घरों में रंग व अबीर का प्रयोग मंगलवार को लोगों ने नहीं किया. हालांकि शहर के कुछ हिस्सों में उत्साह युवाओं व बच्चों को होली खेलते देखा गया. संघ परिवार ने भी सूदक के बावजूद होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय अस्पताल चौराहा स्थिति दुर्गा मंदिर के समीप किया. इस दौरान जिले व शहर के पदाधिकारी एवं स्वयं सेवक डीजे की धुन पर थिरके और एक दूसरे के रंग गुलाल लगाया. शहर के ज्यादातर हिस्सों में धुरेड़ी का पर्व बुधवार को मनाये जाने की संभावना है. पुलिस ने भी इसी के मद्देनजर अपनी व्यवस्था को चाकचौबंद बनाया है. देरशाम शहर के प्रमुख मार्गों पर वाहनों के जांच की व्यवस्था की गई है. नशे में वाहन चलाते पकड़े जाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई के वजाय सलाह देकर छोड़ दिया गया है.





### आधे घंटे ज्यादा पानी सप्लाई

होली के मद्देनजर नगर निगम ने 4 मार्च को पानी की निर्वाध आपूर्ति के निर्देश दिये हैं. जिन क्षेत्रों में पानी सप्लाई की व्यवस्था नहीं बन पाएगी उन क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं. जल प्रदाय शाखा के अनुसार व्यंकट क्र. 2 एरिया में सुबह साढ़े पांच बजे, पतेरी में सात बजे, टिकुरिया टोला में साढ़े सात बजे, बायपास में 6 बजे, उतैली में 6 बजे हनुमान नगर बस्ती में 5 बजे जवाहरनगर में 6.30 बजे, धवारी में सात तीस बजे, झंनकार टाकीज एरिया में पानी की सप्लाई दी जाएगी. इस प्रकार पानी की सप्लाई शाम को महदेवा में साढ़े 4 बजे, राजेन्द्र नगर 6.30 बजे, नजीराबाद में 6 बजे संतोषी माता मंदिर एरिया में साढ़े 5 बजे पानी की आपूर्ति की जाएगी.




# कार की टक्कर से बाइक सवार दो की मौके पर मौत

## बर्थडे पार्टी मनाकर लौट रहे थे मृतक

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 3 मार्च. सतना-चित्रकूट मार्ग में चितहरा मोड़ के समीप बाइक सवार को कार ने टक्कर मार दी जिससे बाइक में सवार दो व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई.**

मिली जानकारी के अनुसार देर शाम सतना की ओर से जा रही तेज गति कार ने बाइक सवारों को चितहरा मोड़ के पास इतनी जोरदार ठोकर मारी की दोनों सबारी हवा में उड़ गए. बाद में दोनों की मौत घटना स्थल पर ही हो गई.घटना की सूचना मिलते ही मझगवां थाना पुलिस थाना प्रभारी आदित्यनारायण धुर्वे के नेतृत्व मे मौके पर पहुंची मृतकों को मझगवां के सामुदायिक चिकित्सालय में घटना स्थल से भेज दिया गया है.



इस घटना की विस्तृत जानकारी समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हुई थी फिर भी यह बताया गया है कि मृतक दोनों बाइक सवार आसपास के ही क्षेत्र के हो सकते हैं. देर रात मिली जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान प्रमोद सिंह पिता लेखन सिंह एवं मोहित सिंह पिता नरेन्द्र सिंह उम्र 17 वर्ष निवासी पुराने खेर चितहरा के रूप में की गई है. दोनों मृतक ग्राम कठौता में बर्थडे पार्टी में शामिल होने के बाद घर लौट रह थे. तभी सामने से आ रही कार से टकरा गई और इस हादसे में दोनों की मौत हो गई.

### होली में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**सतना, 3 मार्च.** संत रविदास युवा जाटव समाज महासंघ, सतना द्वारा होली पर्व के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय निर्णय लिया गया है। इस वर्ष महासंघ ने पर्यावरण हितैषी होलिका दहन करने का संकल्प लिया है, जिसमें लकड़ी का उपयोग नहीं किया जाएगा। इसके स्थान पर गौ काष्ठ एवं गोबर के कंडों का प्रयोग किया जाएगा, जिससे वृक्षों की कटाई रुकेगी और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहयोग मिलेगा।

# झोपड़ी में दुपट्टे के फंदे पर लटका मिला युवक, हत्या की आशंका

**नवभारत न्यूज**

**सतना 3 मार्च. जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत टीकर गांव में एक युवक का शव झोपड़ी में फंदे पर लटका पाए जाने से गांव में सनसनी फैल गई. मृतक के परिजनों द्वारा हत्या के गंभीर आरोप लगाए गए हैं. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है.**

टीकर गांव में युवक का शव फंदे पर लटके पाए जाने की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई. मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने पाया कि गुलाबी रंग के दुपट्टे के फंदे पर युवक लटका हुआ था. दुपट्टे का एक छोर जहां झोपड़ी के छत की लकड़ी से बंधा हुआ था, वहीं दूसरा सिरा युवक की गर्दन से बंधा हुआ था. पुलिस टीम ने यह भी पाया कि फंदे से लटका रहे युवक का घुटना और पैर जमीन पर था. पहली नजर में वह बैठा हुआ नजर आ रहा था. पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में मृतक की पहचान पंकज सिंह पिता सिद्धेश्वर उम्र 35 वर्ष निवासी टीकर के तौर पर हुई. पुलिस द्वारा



घटना स्थल सहित आस पास के क्षेत्र की बारीकी से जांच करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस के अनुसार विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर ही मृत्यु का कारण सामने आ सकेगा. वहीं पुलिस द्वारा परिजन सहित गांव के लोगों से पूछताछ करते हुए घटना के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है. बहुत जल्द ही घटना की सच्चाई सामने आ जाएगी.

### दुपट्टे से गला घोंटा...

घटना से आक्रोशित परिजनों ने पुलिस के सामने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पंकज की हत्या कर उसे लटका दिया गया है. परिजनों के अनुसार हालिका दहन की रात्रि में पंकज को कुछ खिला-पिला दिया गया. जिसके बाद दुपट्टे से उसका गला घोंटकर हत्या कर दी गई. हत्या करने के बाद आत्महत्या दिखाने के लिए उसे फंदे से लटका दिया गया. मामले की गंभीरता को देखते हुए जब पुलिस द्वारा पूछताछ शुरु की गई तो 2 महिलाओं समेत 1 व्यक्ति संदेह के दायरे में आ गए. जिसे देखते हुए पुलिस द्वारा महिलाओं से पूछताछ शुरु कर दी गई. जबकि संदेही व्यक्ति फरार हो गया.

# जिला बदर का आरोपी बस स्टैण्ड से गिरफ्तार

## कोलगवां पुलिस ने की कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 3 मार्च. सेमरिया जिला रीवा निवासी जिला बदर के आरोपी मनीष पटेल को कोलगवां पुलिस ने पुराने बस स्टैण्ड में घूमते पकड़ कर जिला बदर की शर्तों का उल्लंघन करने के आरोप में जेल भेजा.**

मिली जानकारी के अ्नुसार कोलगवां थाना प्रभारी निरीक्षक



सुदीप सोनी को मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली की जिला बदर का आरोपी मनीष पटेल पुत्र महेन्द्र पटेल 28 वर्ष हाल निवासी उतैली पुराने बस स्टैण्ड में घूम रहा है.

पुलिस ने तर्त्परता दिखाते हुए आरोपी को बस स्टैण्ड में ही गिरफ्तार कर पंचनामा तैयार कर जिला दण्डाधिकारी न्यायालय में पेश किया जहां से राज सुरक्षा अधिनियम के धारा 14 के तहत निर्धारित शर्तो का उल्लंघन करने के आरोप में जेल भेज दिया गया.

### संसदीय कार्यालय में नहीं मनेगी होली

**सतना, 3 मार्च.** इस बार होली का त्यौहार सतना सांसद गणेश सिंह के संसदीय कार्यालय में नहीं मनाई जाएगी। सांसद ने यह सूचना जारी कर बताया है कि बिगत दिनों पहले मेरे छोटे भाई गुलाब सिंह के बड़ी बेटी श्रीमती अविना सिंह एवं मेरे सहयोगी कौशलेंद्र सिंह ( रिंकू) सहित इन दोनों लोगों के निधन हो जाने पर दिनांक 3 एवं 4 मार्च 2026 को संसदीय कार्यालय सतना में होली मिलन एवं फगुआ का कार्यक्रम पूर्णता निरस्त किया गया है

# कोलगवां पुलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 3 मार्च. कोलगवां पुलिस ने स्थायी वारंटी के साथ साथ बीती रात दो गिरफ्तारी वारंट वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है**

मिली जानकारी के अनुसार न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट सतना में दर्ज अपराध धारा 294, 323, 327 के फरार आरोपी सूरज बढ़ई पिता खुल्ली बढ़ई उम्र 26 वर्ष निवासी पुरस्वानी दालमिल



सिंधी कैम्प का पिछले 5 वर्ष से स्थायी वारंट जारी था पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी. मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया. इसी प्रकार द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश के न्यायालय में दर्ज धारा 294 के आरोपी विश्शी लोनिया पिता स्व. शंकरलोनिया 24 वर्ष निवासी कृष्णनगर एवं आरोपी ऊषा लोनिया उम्र 45 निवासी सिंधू प्रेस के पीछे गिरफ्तार किया है.

# स्वशासी में एमएसडब्ल्यू का परीक्षा परिणाम 3 दिन में घोषित

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 3 मार्च. शासकीय प्रधानमंत्री एक्सीलेंस महाविद्यालय, सतना ने शैक्षणिक जगत में कार्यकुशलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। महाविद्यालय द्वारा एमएसडब्ल्यू प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम परीक्षा संपन्न होने के मात्र 3 दिनों के भीतर घोषित कर दिया गया है।**

विदित हो कि एमएसडब्ल्यू प्रथम सेमेस्टर की अंतिम परीक्षा 27 फरवरी 2026 को आयोजित की गई थी। इसके ठीक 72 घंटों के भीतर आज 2 मार्च 2026 को परिणाम जारी कर दिए गए। प्राचार्य डॉ. सुरेश चंद्र राय ने इस अभूतपूर्व सफलता का श्रेय टीम वर्क और आधुनिक तकनीक के समन्वय को दिया है। उन्होंने विशेष रूप से समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष और स्वशासी समन्वयक डॉ विनोद कुमार रस्तोगी, गोपनीय विभाग के नियंत्रक डॉ नागेश्वर अग्रवाल, मूल्यांकन करने वाले परीक्षकों और प्रोग्रामर श्री अभिनव गुप्ता जी तथा समाज कार्य विभाग के शिक्षक डॉ दिनेश कुमार डॉक्टर, संजय चौरसिया और श्री राजाराम के सक्रिय भूमिका की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुरेश चंद्र राय ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा हमारा मुख्य उद्देश्य छात्रों को समय पर परिणाम देकर उनके भविष्य की राह को आसान बनाना है। सत्र नियमित करने और विद्यार्थियों को कैरियर के अगले पड़ाव के लिए तैयार रखने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रोग्रामर और तकनीकी टीम के अथक प्रयासों से ही हम इतनी शुद्धता और तीव्रता के साथ परिणाम घोषित कर पाए हैं। इस त्वरित परिणाम से न केवल छात्र उत्साहित हैं, बल्कि उच्च शिक्षा जगत में भी कॉलेज की इस कार्यप्रणाली की चर्चा हो रही है।



# छात्राणी मातृशक्ति ने हर्षोल्लास से मनाया होली पर्व

**नवभात न्यूज**

**सतना, 3 मार्च. अखिल क्षत्रिय महासंघ जिला इकाई सतना के तत्वावधान में नागौद कचलोहा में मातृशक्ति का होली मिलन उत्सव उत्साह पूर्वक भाईचारा और सुनहरे भविष्य का संदेश देते हुए मनाया गया।**

कार्यक्रम सभी स्नेही मातृशक्ति उपस्थित रहीं । जिसमें जिला अध्यक्ष वंदना सिंह ,मध्य प्रदेश उपाध्यक्ष शोभना सिंह , श्रीमती प्रतिभा सिंह कचलोहा अपने निज निवास में क्षत्रिय महासंघ की सभी क्षत्राणी के साथ आत्मीय स्नेह और विश्वास प्रेम सहित विशेष रुप उपस्थित रहीं। टीम की मातृशक्ति से ज्योत्सना सिंह ,माला सिंह ,रानी सिंह ,नीरजा सिंह, साधना सिंह , रश्मि सिंह डाली ,रानू सिंह ,रश्मि ,रिंकी ,अनुजा सिंह कार्यक्रम मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि भोपाल शहर की अखिल भारतीय क्षत्रिय महा संघ की सदस्य मधु सिंह सभी स्नेही बहनों ने उत्साह पूर्वक होली मिलन समारोह को रंग और रस भरकर आनंदित कर दिया।

### वंदेमातरम के साथ हुई कार्यालयीन कामकाज की शुरूआत

**सतना 03 मार्च.** मार्च माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस सहित अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रुप से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम तथा राष्ट्रगान जन-गण-मन का गायन करने के उपरांत कार्यालयीन काम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, अपर कलेक्टर विकास सिंह, सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# किसानों के लिए वरदान है सुपर सीडर

**नवभारत न्यूज**

**सतना 03 मार्च. खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए शासन द्वारा कई योजनाएं लागू की गई हैं। किसानों को आधुनिक तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।**

इसी कड़ी का उदाहरण सुपर सीडर है। सुपर सीडर ट्रैक्टर के साथ जुड़कर कार्य करने वाला ऐसा यंत्र है जो नरवाई की समस्या का निदान करने के साथ-साथ बुवाई भी करता है। जो किसान धान की खेती के बाद गेंहू और चने की बुवाई करते हैं उनके लिए यह अत्यंत उपयोगी है। सुपर सीडर धान अथवा अन्य किसी भी फसल के डंठल जिसे नरवाई कहा जाता है उसे आसानी से छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मिट्टी मे मिला देता है। इसके उपयोग से नरवाई को जलाने की जरूरत नहीं पड़ती। इससे एक ओर पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण होता है वहीं दूसरी ओर मिट्टी के ऊपरी परत के उपयोगी जीवाणुओं के जीवन की रक्षा भी होती है। सुपर सीडर से नरवाई वाले खेत में सीधे गेंहू, चने अथवा अन्य फसल की बोनी की जा सकती है। इसके उपयोग से किसान को नरवाई की झंझट से मुक्ति मिलती है। जो नरवाई किसान के लिए समस्या है.

### एक नजर में



### महापौर ने 61 लाख की सड़कों का किया भूमिपूजन

**सतना।** योगेश कुमार ताम्रकार ने आज वार्ड क्रमांक 24 में नगर विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड पर मरम्मत कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि 33.59 लाख एवं 28 लाख की लागत से सड़कों के सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्य किए जाएंगे। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने के पश्चात क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर एवं सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी, साथ ही वार्ड का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। कार्यक्रम में नगर निगम निर्माण विभाग अध्यक्ष गोपी गेलानी, सुरेश गुप्ता, कैलाश शिवानी, गणेश सोनी, वार्ड पार्षद एवं एम.आई.सी. सदस्य श्रीमती प्राची पुष्पराज कुशवाहा, पुष्पराज कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ की हुई बैठक

**सतना।** विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ की बैठक आज श्रम कल्याण केंद्र प्रेम नगर में सम्पन्न हुई। बैठक में सैकड़ों पेंशनर्स ने भाग लिया। बैठक में नवागत पेंशनर्स अशोक सिंह, त्रिलोक सिंह, राम दास वर्मा, लाल जी त्रिपाठी का प्रान्तीय पदधिकारियों द्वारा माल्यर्पण कर सम्मान किया गया इसके उपरान्त कैश लेस योजना उपदान अन्तर राशि अपनी पत्नी का नाम पी पी ओ और उनके आधार पैन कार्ड से मिलान करने विकलांग पुत्र पुत्री का नाम परिवार पेंशन में जुड़वाने और उनके कैश लेश कार्ड कैसे निकलवाये आदि पेंशनर्स की समस्याओं में मार्गदर्शन अपने उदबोधन में दिया गया। प्रान्तीय कार्यवाहक अध्यक्ष आर डी मिश्रा, प्रान्तीय उपाध्यक्ष बी यल पटेल, विजयेंद्र सिंह ,जी पी गौतम, यस पी अग्निहोत्री ,राजेन्द्र त्रिपाठी, अशोक मिश्रा, पी डी सिंह, आर के सिंह, उत्तम तिवारी ,आर बी सिंह ,आई यम त्रिपाठी, डी के श्रीवास्तव आदि ने दिया। अन्त में सभी सदस्यो को होली की शुभ कामनाएं दी गई।




### गार्गी ने सीनियर नेशनल कराते में जीता सिल्वर

**सतना, 3 मार्च.** जिले की गौरव, एकलव्य अवार्ड से सम्मानित एवं बेटी बचाओ&बेटी पढ़ाओ की ब्रांड एंबेसडर गार्गी सिंह परिहार ने कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन की ऑफिशियल अंडर-21 एवं सीनियर नेशनल कराते चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए विमेंस 61-68 किग्रा कुमिते (फाइट) स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही टीम कुमिते स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया।

# सेंट्रल सिन्धी पंचायत का गमशुदा परिवारों के साथ होली मिलन का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 3 मार्च. आज श्री झूलेलाल मन्दिर प्रांगण में सेंट्रल सिन्धी पंचायत द्वारा प्रति वर्ष की भाति इस वर्ष भी होली में समाज के ग़मी परिवारों जिनके यहाँ विगत वर्ष में पुरुष या महिला सदस्य की ग़मी हुई थी,**

उन्हें आज के आयोजन में पत्रक द्वारा सूचित कर सम्मलित किया गया। आयोजन की शुरुआत परम श्रद्धेय ब्राह्मण समाज,पूज्य सन्त समाज,वरिष्ठ समाज व संस्था के पदाधिकारियों द्वारा श्री झूलेलाल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। ब्राह्मण समाज से घनश्याम शर्मा, प्रशांत श्रृंगी, अशोक शर्मा, प्रदीप शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, अभिषेक शर्मा , पूज्य सन्त समाज से सन्त सामनाराम कामदार,भाई मुरलीधर जग्यासी,भाई राजकुमार जग्यासी,साई किशोर दास मोर्डिया,भाई विजय जग्यासी,डा.जे पी सेवानी,भाई लख्मी चंद्र,श्री अभयमुनि राजा भाई,भाई साजन दास की गरिमामई उपस्थिति रही।

उसके बाद संस्था अध्यक्ष मनोहर वाधवानी द्वारा शब्दों से



समाज के परम श्रद्धेय ब्राह्मणों,पूज्य संतो,वरिष्ठ समाज सेवियों,मातृ शक्तियों,ग़मी परिवारों,संस्था के श्रेष्ठ,जेष्ठ,सदस्यों का वन्दन व नमन कर स्वागत किया। मनोहर वाधवानी ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में पिछले एक साल में संस्था द्वारा गमी परिवारों को दी गई नि:स्वार्थ सेवा की विस्तृत जानकारी दी व समाज ने भी इन सेवाओ से पूर्णरूपेण संतुष्ट होकर आगे भी अनवरत जारी रखने की ध्वनि मत से सहमति दी,महामंत्री मनोहर आर्त्तानी ने विगत वर्ष का प्रतिवेदन पेश किया,कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश कोटवानी जी द्वारा किया गया व उनके द्वारा एक शानदार सामाजिक गीत की प्रस्तुति भी की गई,महिला शाखा की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति मनवानी जी ने अपने भाषण में समाज से निवेदन किया कि परिवारों में बेटे,बहुओं और बच्चियों में समन्वय बनाये व संस्कारों का समावेश करे ताकि समाज में बिखराव की स्थितिया उत्पन्न न हो,वरिष्ठ समाज सेवी श्री ठाकुर दास छाबड़िया ने इस आयोजन को समाज का अति विशिष्ट गरिमामई कार्यक्रम बताया,चेंबर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने अपनी बात रखी कि समाज में समर्पण की भावना के साथ एकता बनी रहे, आयोजन के दौरान संस्था के पदाधिकारियों,वरिष्ठ समाज के सदस्यों,संस्था के सदस्यों,युवा शक्ति के सदस्यों,ने सर्व प्रथम पूज्य ब्राह्मणों,परम श्रद्धेय संतों को पुष्प की वर्षा कर अबीर लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया,फिर ब्राह्मणों,संतों,वरिष्ठ समाज द्वारा गमी परिवार और उनके परिजनों को गुल गुलाल लगा कर उन्हें समाज द्वारा खुशियों के उत्सव में शामिल किया गया.